RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

3rd Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 03 | SUNDAY DATE 25-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ

जनता पूरी शान से, पड़ सकती बीमार।
खर्चा सभी इलाज का, अब देगी सरकार।
अब देगी सरकार, भले कोई बीमारी।
मिलने हैं दस लाख, रकम सारी सरकारी।
कह साहिल कविराय, काम ऐसे ही बनता।
पड़ सकती बीमार, शान से पूरी जनता।

प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल



## भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन का पहला बड़ा दौरा, 27 और 28 जनवरी को बंगाल में करेंगे संगठन को मजबूत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।** भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 27 और 28 जनवरी को पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरे के दौरान वह पार्टी संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओ से सीधे संवाद करने पर जोर देंगे। पार्टी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, 27 जनवरी को नितिन नबीन दुगार्पुर में राज्य कोर टीम की अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में पश्चिम बंगाल में संगठन की मौजूदा स्थिति, आगामी रणनीति और कार्यकर्ताओ की भूमिका पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। 28 जनवरी को उनका दिन पूरी तरह संगठनात्मक कार्यक्रमों से भरा रहेगा। सुबह वह दुगार्पुर पूर्वा के चित्रालय मेला मैदान में आयोजित बर्धमान विभाग कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।



## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की जान का खतरा



### सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता, प्रशासन पर आरोप : संत के वेश में घूम रहे गुंडे

» **प्रयागराज, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रयागराज में मेला प्रशासन और शंकराचार्य के बीच बीते छह दिनों से जारी विवाद के बीच उनके विशेष प्रतिनिधि ने प्रशासन पर तीखे आरोप लगाए हैं। शंकराचार्य के प्रतिनिधि देवेंद्र पांडे ने दावा किया है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की जान को खतरा है और इसी आशंका के चलते शिविर के भीतर और बाहर कुल 12 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं।

देवेंद्र पांडे ने कहा कि यह कदम किसी शौक या प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि मजबूरी में उठाया गया है। उनके अनुसार शंकराचार्य इस समय सड़क पर बैठे हैं और प्रशासन का रवैया लगातार टकराव वाला बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन के लोग और उनके कथित गुंडे संतों के वेश में शिविर के आसपास घूम रहे हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

प्रतिनिधि ने बताया कि कई बार रात के समय कुछ लोग शिविर के पास आकर वीडियो बनाते हैं। जब उनसे पूछताछ की जाती है तो वे खुद को नोटिस देने आया हुआ बताते हैं। उनका कहना है कि इस तरह की गतिविधियां संदेह पैदा करती हैं और शंकराचार्य की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल बना रही हैं। शंकराचार्य और मेला प्रशासन के बीच चल रहा विवाद अब केवल व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह सुरक्षा और अधिकारों के सवाल से भी जुड़ गया है। समर्थकों का कहना है कि संत समाज के एक प्रमुख धर्मगुरु के साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय है और प्रशासन को तुरंत स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इधर, इस पूरे घटनाक्रम के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान ने भी सियासी हलकों में हलचल मचा दी है।

## संक्षिप्त ताजा खबरें

### ऑपरेशन सिंदूर मजबूत स्टैंड था इसके लिए नहीं मांगूगा माफी: शशि थरूर



**कोझिकोड, यूटर्न/ 24 जनवरी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि वह संसद में कांग्रेस के स्टैंड का किसी भी स्टेज पर विरोध नहीं किया है। उन्होंने कहा कि एकमात्र मुद्दा जिस पर सिद्धांत के आधार पर पब्लिक में असहमति हुई, वह ऑपरेशन सिंदूर था। उन्होंने कहा कि इस मामले पर उन्होंने बहुत मजबूत स्टैंड लिया था, और वह उसके लिए माफी नहीं मांगेंगे। पहलगाम की घटना के बाद उन्होंने खुद एक कॉलम लिखा था। उसमें कहा था कि यह बिना सजा के नहीं जा सकता, इसका जवाब देना ही होगा। थरुर ने शनिवार को कोझिकोड के केरल लिटरेचर फेस्टिवल में दर्शकों के सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर कड़े रुख का कोई पछतावा नहीं है। भारत को विकास पर ध्यान देना चाहिए और पाकिस्तान के साथ लंबे संघर्ष में नहीं उलझना चाहिए। किसी भी कार्रवाई को आतंकवादी शिविरों तक ही सीमित रखा जाना चाहिए।

### पीएम मोदी ने 61,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र सौंपे

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वें रोजगार मेला में शानिवार को 61,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ये नियुक्ति पत्र केवल नौकरी नहीं बल्कि नेशन बिल्डिंग का इनविटेशन लेटर और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प पत्र हैं। पीएम मोदी ने युवाओं को नए वर्ष और बसंत पंचमी के मौके पर शुभकामनाएं देकर संविधान के प्रति अपने दायित्वों को निभाने की प्रेरणा दी। पीएम मोदी ने तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी और नई चुनौतियों के बीच खुद को अपग्रेड करने पर जोर दिया।

### खेल मैदान से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है

## बच्चों के जीवन में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं खेल : रेखा गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि खेल बच्चों के जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। श्रीमती गुप्ता ने आज को यहां मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में आयोजित वार्षिक खेल दिवस समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। खेल के मैदान में मिलने वाले अनुभव जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मजबूत आधार बनते हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को पूरे मन से खेलने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अपनाने और खेल के साथ निरंतर सीखते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर, अनुशासित और विकसित बनाने की दिशा में सबसे प्रभावी ब्रांड एंबेसडर बच्चे हैं। जब बच्चे अनुशासन का अभ्यास करते हैं, नियमों का पालन करते हैं और स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाते हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज में स्वतः दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में विद्यालय से बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता। उन्होंने विश्वास जताया किया कि आज के विद्यार्थी ही कल के नेतृत्वकर्ता बनकर दिल्ली को आदर्श, सशक्त और विकसित राजधानी के रूप में स्थापित करेंगे।




मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल भावना, अनुशासन और समर्पण से ही स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने आगामी गणतंत्र दिवस की भी शुभकामनाएं दीं और विजन-2047 के लक्ष्य की ओर मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

## भाजपा सरकार ने यूपी को बीमारू से ब्रेक-थ्रू राज्य बनाया: अमित शाह

**लखनऊ, यूटर्न/ 24 जनवरी।** यूपी दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कभी लेबर सोर्स स्टेट के रूप में पहचाना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के शासनकाल में बीमारू राज्य बने यूपी को भाजपा सरकार ने विकास की रफ्तार देकर ब्रेक-थ्रू स्टेट में बदला है और अब यह प्रदेश विकसित भारत के संकल्प का मजबूत आधार बन रहा है।

## बंगाल में बेटियों को जीवन के हर पड़ाव पर सशक्त किया जा रहा है: ममता

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बंगाल में बेटियों को सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उनके जीवन के हर चरण में सहयोग और सम्मान दिया जाता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सुश्री बनर्जी ने बालिकाओं को 'हमारे समाज की भावी शिल्पकार' बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मैं बंगाल और पूरे भारत की हर बेटी को अपना स्नेह और आशीर्वाद देती हूं। बंगाल में हम बालिका को केवल एक दिन नहीं मनाते, बल्कि वर्ष के हर दिन और उसके जीवन के हर मोड़ पर उसे सशक्त बनाते हैं। सुश्री बनर्जी ने कहा कि राज्य में बालिकाओं के सशक्तिकरण की यात्रा जन्म से शुरू होकर शिक्षा और वयस्कता तक निरंतर चलती है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए चलाई जा रही कई प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने 'कन्याश्री' योजना को वैश्विक स्तर पर सराही गई पहल बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक बालिकाओं को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है.



### ट्रेंडिंग न्यूज

## जहां बीजेपी का ही मेयर, वहीं नगर निगम ने बीजेपी पर ठोका 19 .7 लाख का जुर्माना

**तिरुवनंतपुरम, यूटर्न/ 24 जनवरी।** तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने बीजेपी पर 19.7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना पीएम मोदी के केरल दौरे के दौरान शहर में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने के लिए लगाया है। बोर्ड लगाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तिरुवनंतपुरम नगर निगम के सचिव की शिकायत के बाद कैंटोनमेंट पुलिस ने शुक्रवार देर रात बीजेपी जिला अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया। दिसंबर में हुए नगर निगम चुनाव में तिरुवनंतपुरम में बीजेपी ने 50 सीटें जीती थीं। इसके बाद 26 दिसंबर को बीजेपी के वीवी राजेश को यहां का मेयर बनाया गया था। एफआईआर में केरल हाईकोर्ट के कई आदेशों और स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा जारी निदेर्शों का उल्लंघन का आरोप है।

## दिल्ली कांग्रेस ने जल संकट के लिए दिल्ली सरकार को ठहराया जिम्मेदार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के बड़े हिस्से में पीने के पानी की गंभीर कमी के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि उत्तरी, उत्तर-पश्चिम, दक्षिणी और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली की कई कॉलोनियों में 20 जनवरी से पानी की भारी कमी है लेकिन राज्य सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने इस संकट का कारण मुनक नहर से पानी की आपूर्ति में कमी को बताया, जहां हरियाणा सरकार द्वारा मरम्मत कार्य किया जा रहा है.



## धर्म में बढ़ता राजनीतिक हस्तक्षेप समाज के लिए घातक : मायावती

**लखनऊ, यूटर्न/ 24 जनवरी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी बीते कुछ वर्षों से धार्मिक पर्वों, त्योहारों, पूजापाठ और स्नान जैसे आस्थागत आयोजनों में राजनीतिक लोगों का हस्तक्षेप और प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जो नए-नए विवाद, तनाव और सामाजिक संघर्ष का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति किसी भी दृष्टि से सही नहीं है और इसे लेकर आम लोगों में दुख व चिंता का माहौल स्वाभाविक है। बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी किसी भी धर्म के पर्व, त्योहार, पूजापाठ, स्नान आदि में राजनीतिक लोगों का हस्तक्षेप और प्रभाव पिछले कुछ वर्षों से काफी बढ़ गया है, जो नए-नए विवाद, तनाव व संघर्ष आदि का कारण बन रहा है।

## जातिगत जनगणना न करना पीडीए समाज के खिलाफ भाजपाई साजिश: अखिलेश



**लखनऊ, यूटर्न/ 24 जनवरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनगणना की अधिसूचना में जाति का कॉलम न होने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना न करना पीडीए (पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक) समाज के खिलाफ भाजपाई साजिश है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'जनगणना की अधिसूचना में जाति का कॉलम तक नहीं है, गिनेंगे क्या? जातिगत जनगणना भी भाजपा का जुमला है। सपा नेता ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का सीधा फामूर्ला है-न गिनती होगी.

# दिल्ली के मौजपुर में कैफे के बाहर फायरिंग: 24 वर्षीय युवक की मौत, परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

दिल्ली के मौजपुर इलाके में स्थित मिस्टर किंग लाउंज एंड कैफे के बाहर शुक्रवार को हुई फायरिंग की घटना में 24 वर्षीय युवक फैयाज उर्फ फाजी की मौत हो गई।

गोली लगने के बाद उसे तुरंत जीटीबी अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है और घटनास्थल से फॉरेंसिक सबूत जुटाए जा रहे हैं। पुलिस की टीमें सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही हैं ताकि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की जा सके। मृतक की मां ने आईएएनएस से बताया, 'मुझे पूरी जानकारी नहीं है। मेरे बेटे ने आरोपी



को कुछ पैसे उधार दिए थे। जब उसने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी उसे गाली देने लगा। मुझे बस इतना पता है कि वह व्यक्ति कई बार आक्रामक व्यवहार करता था।' वहीं, मृतक के भाई सलमान ने घटना को लेकर और भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'पहले मेरे भाई के सिर पर चोट लगी और फिर उसके सीने में दो गोलियां मारी गईं। करीब 5 से 6 महीने पहले मेरे भाई ने आरोपी को कुछ पैसे दिए थे। जब उसने पैसे वापस मांगे, तो वह पैसे लौटाने के बजाय हमारे घर आकर हमें धमकाने लगा और मुझे भी जान से मारने की धमकी दी।' परिवार का कहना है कि उन्होंने पहले भी आरोपी के व्यवहार को लेकर चिंता जताई थी, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि मामला इतना गंभीर रूप ले लेगा। परिवार अब न्याय की मांग कर रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा कर रही है। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

# फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कैम नेटवर्क का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर-स्टेट सेल ने देशभर में फैले एक बड़े फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कैम के एक संगठित नेटवर्क का पदार्फाश किया है। इस नेटवर्क के जरिए साइबर ठग लोगों को नकली ट्रेडिंग ऐप और टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से ऊंचे मुनाफे का लालच देकर ठगी कर रहे थे। अब तक की जांच में यह सामने आया कि गिरोह ने देश के विभिन्न राज्यों में हजारों लोगों से 300 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की है। इस मामले में कोलकाता और लखनऊ से चार प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच की ओर से शनिवार को जारी प्रेस नोट के अनुसार, आरोपी बेहद सुनियोजित और तकनीकी रूप से मजबूत तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। सबसे पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर आकर्षक विज्ञापनों के जरिए पीड़ितों से संपर्क किया जाता था। इनमें ऑनलाइन ट्रेडिंग निवेश और गारंटीड हाई रिटर्न जैसे लुभावने दावे किए जाते थे। बातचीत आगे बढ़ने पर पीड़ितों को फर्जी टेलीग्राम ग्रुप्स में जोड़ा जाता था ताकि वे किसी वैध ब्रोकरेज फर्म से जुड़े हुए प्रतीत हों। इसके बाद पीड़ितों को एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाया जाता था, जिसमें एक नकली डैशबोर्ड दिखाया जाता था। इस डैशबोर्ड पर ट्रेडिंग में मुनाफा होते हुए दिखाया जाता था। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए कुछ छोटी रकम की नकली कमाई पीड़ितों के खाते में दिखाकर उन्हें आगे निवेश के लिए उकसाया जाता था। जैसे ही पीड़ित बड़ी रकम निवेश करता, उससे पैसे निकालने के नाम पर टैक्स, फीस या एक्टिवेशन चार्ज के बहाने और रकम मांगी जाती थी। अंततः पीड़ित को कोई पैसा नहीं मिलता था और उसकी पूरी जमा राशि फर्जी या म्यूल खातों में ट्रांसफर हो जाती थी।

# दबंगों ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी को ऑटो में खींचकर पीटा

**लोनी, यूटर्न/ 24 जनवरी।** ट्रॉनिका सिटी पुश्ता डीएलएफ मार्ग पर गलत दिशा में तेज रफ्तार से आ रहे दबंग ऑटो चालक और उसके साथियों ने ट्रैफिक पुलिस कर्मी को ऑटो में खींचकर पीटा। पुलिस कर्मी के चेहरे पर कपड़ा डालकर मुंह और गला दबाने की कोशिश की। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई है। मूलरूप से इटावा के रहने वाले राहुल सिंह यादव ने बताया कि वह कांस्टेबल हैं और ट्रैफिक पुलिस में भर्ती हैं। मौजूदा समय में वह लोनी पुश्ता मार्ग पर तैनात हैं। बृहस्पतिवार को वह डीएलएफ मार्ग की तरफ खड़े थे। तभी गलत दिशा में आ रहे तेज रफ्तार ऑटो चालक को रोकने का इशारा किया। ऑटो चालक ने तेज आवाज में गाना बजा रखा था। उन्होंने गलत दिशा में ऑटो चलाने और साउंड को बंद करने के लिए कहा। आरोप है ऑटो चालक ने राहुल यादव से कहा कि उसे तेज साउंड से क्या परेशानी है। तभी ऑटो में सवार चालक के पांच से छह साथियों ने उन्हें ऑटो के अंदर जबरन खींच लिया। उनके चेहरे पर कपड़ा रख कर उनके साथ मारपीट की। उनका गला दबाने की कोशिश की। किसी तरह वह उनके चंगुल से बचकर बाहर आए। इस दौरान ऑटो चालक उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना की वीडियो एक व्यक्ति ने कैद कर ली। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। ऑटो चालकों की तलाश की जा रही है।

# कृष्णा विस्टा सोसायटी की लिफ्ट में एक घंटे तक फंसा रहा परिवार

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 24 जनवरी।** अहिंसा खंड एक स्थित कृष्णा विस्टा सोसायटी की लिफ्ट में शुक्रवार को एक महिला मरीज अपने पति और दो बेटियों के साथ लिफ्ट में करीब एक घंटे तक फंसी रही। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने आरडब्ल्यूए और मेंटेनेंस प्रबंधन को सूचित किया। लोगों का आरोप है कि सूचना के बाद भी काफी देर तक कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। डॉ. संजय लाभ ने बताया कि दोपहर करीब 12:30 बजे पेट दर्द से पीड़ित महिला अल्ट्रासाउंड कराने क्लीनिक आई थी। इसी दौरान लिफ्ट अचानक बंद हो गई और उसका परिवार अंदर फंस गया। सूचना पर पुलिस भी आ गई। करीब 40 मिनट बाद लिफ्ट का रखरखाव करने वाला कर्मचारी आया और मशक्कत के बाद दरवाजा खोलकर महिला को बाहर निकाला। बाहर आते ही महिला की हालत बिगड़ गई और वह बेसुध हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सोसायटी की लिफ्ट में आए दिन खराबी आती रहती है।

# संदिग्ध परिस्थिति में किशोर, किशोरी लापता

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 24 जनवरी।** खोड़ा व साहिबाबाद थाना क्षेत्रों के अलग-अलग इलाकों से एक किशोर और दो किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गए। परिजनों ने संबंधित थानों में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस करीबों से पूछताछ कर उन्हें ढूंढने का प्रयास कर रही है। खोड़ा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उनका बेटा (15) 21 जनवरी को दोपहर के समय घर से बिना बताए कहीं चला गया। खोड़ा में ही रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उनकी भी 15 साल की बेटी घर से चली गई। साहिबाबाद थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उनकी बेटी दोपहर में करीब साढ़े 12 बजे अपनी सहेली के यहां जाने की बात बोलकर घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। उसकी काफी तलाश की गई और रिश्तेदारों के यहां भी पूछा, उसका कुछ पता नहीं लगा। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि संबंधित थानों में गुमशुदगी दर्ज हैं। जल्द सभी को खोज लिया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 जनवरी को राष्ट्र को करेंगी संबोधित

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर पहले हिंदी में और फिर अंग्रेजी में प्रसारित होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के



क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्कों पर रात 9:30 बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगी। वहीं, भारतीय सशस्त्र बल 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर: संयुक्तता से विजय' शीर्षक से एक त्रिपक्षीय झांकी प्रस्तुत करेंगे। यह झांकी राष्ट्र के विकसित सैन्य सिद्धांत का एक सशक्त और आधिकारिक प्रतिनिधित्व होगी, जो सटीकता, एकीकरण और स्वदेशी श्रेष्ठता की ओर निर्णायक परिवर्तन का प्रतीक है। यह भारत की इस बात की प्रबल पुष्टि है कि निर्णायक, संयुक्त और आत्मनिर्भर सैन्य शक्ति का युग आ चुका है। प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित, ऑपरेशन सिंदूर ने आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती ताकत और विकसित भारत की ओर देश की अटूट यात्रा का उदाहरण पेश किया, एक ऐसा भविष्य जो आत्मनिर्भर, समन्वित और अटूट रक्षा क्षमता से परिभाषित होगा। यह झांकी तीनों सेनाओं के तालमेल के गतिशील और सिलसिलेवार चित्रण के जरिए इस कहानी को जीवंत करती है। शुरूआती भाग में भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत को दिखाया गया है ।

# दक्षिण भारत में फहराएगी धर्म की ध्वजा: आचार्य प्रमोद कृष्णम

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।** आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दक्षिण भारत के राज्यों में आगामी चुनावों के दौरान बदलाव का दावा किया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत की राजनीति करवट ले रही है। इस बार यहां भी धर्म की ध्वजा फहराएगी।



समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि पूरे उत्तर भारत में धर्म की ध्वजा फहराई गई है। अब दक्षिण भारत की बारी है। इस दौरान आचार्य प्रमोद ने आरोप लगाया कि वामपंथी देश को बांटना चाहते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के बयान की भी कड़ी आलोचना की।

आचार्य प्रमोद ने कहा, 'केरल के मुख्यमंत्री का बयान देश के खिलाफ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के प्रति समर्पित संगठन है। संघ किसी पर हमला नहीं करता है। यह संगठन हिंसा और हमला दोनों से दूर है। संघ ने हमेशा हमलों को झेला है। उसके कभी हमले नहीं किए। आरएसएस को बदनाम किया गया। इसके खिलाफ साजिशें की गईं।' उन्होंने कहा कि संघ भारत के प्रति संपूर्ण रूप से समर्पित संगठन है। केरल के मुख्यमंत्री संवैधानिक पद पर बैठे हैं। उन्हें राष्ट्र के प्रति समर्पित संगठन के खिलाफ गलत टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। बता दें कि दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडु और केरल में अगले कुछ महीनों में चुनाव होने हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों राज्यों में सत्ता के लिए जोर लगा रही है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा के हौसले और बुलंद हुए हैं।

# वाहन चोरी सिंडिकेट का भंडाफोड़, 11 लग्जरी कार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की एंटी-ऑटो-थेफ्ट स्क्वॉड ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय वाहन चोरी सिंडिकेट का पदार्फाश करते हुए दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से चोरी की गई कुल 11 लग्जरी कार बरामद की गई हैं, जिन्हें फर्जी दस्तावेजों के जरिए दोबारा रजिस्टर कर बेचा जा रहा था।



इस मामले की शुरूआत 28 दिसंबर 2025 को हुई, जब थाना जामिया नगर में ई-एफआईआर संख्या 034942/2025 धारा 305 (बी) बीएनएस के तहत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी मारुति एस-प्रेसो कार 27 और 28 दिसंबर की दरम्यानी रात जामिया नगर इलाके से चोरी हो गई थी। शुरूआती जांच में ही पुलिस को इस चोरी के पीछे किसी संगठित गिरोह की आशंका हुई, जिसके बाद मामले की जांच एएटीएस दक्षिण-पूर्व जिला को सौंपी गई।

1 जनवरी को एसआई जितेंद्र और हेड कांस्टेबल शेर सिंह को एक विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश, मुंबई, पुणे और महाराष्ट्र के अन्य इलाकों में सक्रिय चोरी के वाहनों का एक बड़ा रिसीवर कई लग्जरी गाड़ियां अपने कब्जे में रखे हुए है और इस केस से जुड़ी चोरी की गई एस-प्रेसो कार भी उसी के पास है। तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की मदद से इस सूचना को पुख्ता किया गया। इसके बाद निरीक्षक अजय दलाल की निगरानी और एसीपी ऑप्स/एसईडी रतन लाल के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने ठोस इनपुट के आधार पर मुंबई के बांद्रा इलाके से कुणाल सुभाष जायसवाल नामक आरोपी को गिरफ्तार किया।

उसकी गिरफ्तारी के साथ दिल्ली से चोरी की गई एक हुंडई क्रेटा कार बरामद की गई और आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के दौरान मिले इनपुट के आधार पर 3 जनवरी को टीम का एक हिस्सा मुंबई के धारावी इलाके पहुंचा, जहां सेकेंड हैंड कारों की खरीद-फरोख्त का कारोबार करने वाले 25 वर्षीय मोहम्मद अमान को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से भी एक चोरी की गई क्रेटा कार बरामद हुई, जो दिल्ली से चोरी होना पुष्टि हुई। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी कुणाल एक संगठित अंतरराज्यीय वाहन चोरी और धोखाधड़ी सिंडिकेट का मास्टरमाइंड है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बालक में गौशाला समिति द्वारा भव्य सांस्कृतिक वार्षिक कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र पूनिया,सुरेन्द्र गंगवा,नेपाल राणा,आशा खेड़ा,अनूप धानक,विवेक शर्मा रहे उपस्थित

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 24 जनवरी। श्री कृष्णा श्री श्री 1008 बाबा सिद्धनाथ गौशाला समिति, बालक द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गौ माता की सेवा, संरक्षण व संवर्धन को लेकर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री भाजपा हरियाणा सुरेन्द्र पूनिया, कृषि मंत्री हरियाणा सरकार श्याम सिंह राणा के सुपुत्र नेपाल राणा एवं डिंपल राणा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के सुपुत्र सुरेन्द्र गंगवा, जिला अध्यक्ष भाजपा हिसार आशा खेड़ा तथा पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार अनूप धानक ने शिरकत की। सभी अतिथियों ने गौ माता को भारतीय संस्कृति की आधारशिला बताते हुए गौशालाओं के विकास के लिए समाज के सहयोग पर बल दिया।

प्रदेश महामंत्री भाजपा हरियाणा सुरेन्द्र पूनिया ने उपस्थित गौभक्तों को संबोधित करते हुए बताया कि 'गौ माता की सेवा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की आत्मा है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, तीन गिरफ्तार



» नोएडा, यूटर्न/ 24 जनवरी।

नोएडा के थाना सेक्टर-63 की सेंट्रल नोएडा पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

अभियुक्त अलग-अलग यूपीआई आईडी बनाकर बेरोजगारों और गरीब लोगों को निशाना बनाते थे और उनसे लाखों रुपए की ठगी कर रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, नकदी और घटना में इस्तेमाल कार बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार को नोएडा के थाना सेक्टर-63 पुलिस टीम ने डी-पार्क से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आयुष पाण्डेय, शिवम और प्रियांशु श्रीवास्तव के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से 5 लैपटॉप, 5 एंड्रॉइड मोबाइल फोन, 1 कीपैड मोबाइल फोन, 2 एटीएम कार्ड, 14,500 रुपए नकद तथा घटना में इस्तेमाल स्विफ्ट कार बरामद की गई है।

पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्तगण राह चलते आमजन, मजदूर वर्ग और गरीब किस्म के लोगों से संपर्क कर उन्हें अपनी मजबूरी बताकर या लालच देकर विश्वास में लेते थे। इसके बाद उनसे मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड लेकर उनके नाम से अलग-अलग यू आईडी तैयार करते थे। इन्हीं खातों का उपयोग कर नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे मंगवाए जाते थे।

ठगी की रकम एटीएम कार्ड के जरिए निकाल ली जाती थी और खाताधारकों को मात्र एक हजार से 15,00 रुपए तक देकर बहला दिया जाता था। अभियुक्तों के मोबाइल फोन से प्राप्त स्क्रीनशॉट्स के आधार पर यह भी सामने आया है कि एक महिला से नौकरी दिलाने के नाम पर अलग-अलग खातों और यूपीआई आईडी का इस्तेमाल करते हुए करीब 8.50 लाख रुपए की ठगी की गई थी। इस मामले में थाना सेक्टर-63, में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# पुलिस और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही सरकार: सौरभ भारद्वाज

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।




आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पुलिस और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा देश को भय और दबाव के माहौल में चला रही है।

उन्होंने दावा किया कि मौजूदा समय में भारत को एक 'पुलिस स्टेट' में तब्दील कर दिया गया है, जहां आम नागरिक सच बोलने से डर रहे हैं।

सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वाराणसी के प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट से जुड़ा एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो के माध्यम से उन्होंने आरोप लगाया कि घाट के टूटे हुए हिस्सों को लेकर स्थानीय लोग मीडिया से बात करने से कतरा रहे हैं। भारद्वाज ने कहा कि जैसे ही कोई व्यक्ति घाट की बदहाली पर बोलने की कोशिश करता है, सादे कपड़ों में मौजूद खुफिया एजेंसियों के अधिकारी उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर देते हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल बन गया है। भारद्वाज ने कहा कि यह स्थिति लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आलोचना और सवालों से बचने के लिए पुलिस और एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। उनका कहना है कि जनता को चुप कराने की यह नीति देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है।

आप नेता ने नोएडा का जिक्र करते हुए इंजीनियर युवराज की मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पुलिस युवराज की जान तो नहीं बचा सकी, लेकिन अब सरकार के पक्ष में बयान बदलवाने के लिए चश्मदीद गवाहों को डराया और धमकाया जा रहा है। उन्होंने इसे न्याय के साथ सीधा खिलवाड़ बताया।

इसके अलावा, उन्होंने संभल की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां एक जज का तबादला सिर्फ इसलिए कर दिया गया क्योंकि उन्होंने एक कुख्यात पुलिस अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि उक्त अधिकारी को भाजपा का 'पोस्टर बॉय' बनाया गया है और उसे कानून से ऊपर समझा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी घटनाएं यह दशार्ती हैं कि पुलिस को जनता को डराने, लूटने और परेशान करने की खुली छूट दे दी गई है। भारद्वाज ने कहा कि देश में कानून का राज कमजोर हो रहा है और भय के सहारे शासन चलाया जा रहा है, जो लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है।

# खेलगांव उमरा जिला हिसार की बेटी मोनू हॉकी खिलाड़ी नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट CISF में बनी हेड कांस्टेबल

» हरियाणा, यूटर्न/ 24 जनवरी।



खेलगांव उमरा जिला हिसार की बेटी मोनू खेल कोटा से उक्तक्रमें हेड कांस्टेबल की ट्रेनिंग पूरी की। इनकी पास आउट परेड 22-01-2026 को देवली जिला टोंक, राजस्थान में हुई। मोनू हॉकी के वरिष्ठ कोच आजाद मलिक की शिष्या हैं और हिसार में उन्हीं से प्रशिक्षण पाया है। इससे पहले मोनू चंडीगढ़ टीम की खिलाड़ी भी रही है। मोनू के साथ इन्हीं गांव की कीर्ति भी इनके साथ पास आउट हुई है। मोनू के पिता जी हरियाणा पुलिस में सेवारत हैं व वर्तमान में लाडवा में नियुक्त हैं। आयु वर्ग में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में कई पदक जीत चुकी हैं। मोनू ने हॉकी की शुरूआत अपने गांव से करीब 10 साल पहले शुरू की थी। इसके बाद खेल-इंडिया व चैंपियनशिप में कई मेडल जीत चुकी हैं और नेशनल में कैंप भी अटेंड किया हुआ है। मोनू अपनी कामयाबी का श्रेय अपने वरिष्ठ कोच आजाद सिंह मलिक व हॉकी उमरा को देना चाहती है। कुछ मलिक के घर में किसान, जवान, मंत्री अधिकारी व खिलाड़ी पाए जाते हैं। मोनू के दादा मलिक का पूरा परिवार हमारा राष्ट्रीय खेल हॉकी का मान करता है। इस मौके पर मोनू को हेड कांस्टेबल बनने पर उनके पापा कृष्ण मलिक व मम्मी जानकी देवी ने रेव लगाया और खेलगांवउमरा व स्पोर्ट्स एसोसिएशन व अन्य सभी गणमान्य लोगों ने मोनू के परिवार को बहुत-बहुत बधाई दी। मोनू आगे उक्तक्रम्की गर्ल्स हॉकी टीम की तरफ से खेलते हुए विभाग से अनुमति लेकर मौका मिलने पर हरियाणा हॉकी टीम की तरफ से भी खेलती रहेगी।

# उत्तर प्रदेश की ताकत बनेगा एक एक जनपद-एक व्यंजन: योगी

लखनऊ, यूटर्न/ 24 जनवरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मृति चिह्न देकर गृह मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को यूपी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी पढ़कर सुनाया। सीएम योगी ने एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना उत्तर प्रदेश की ताकत बनेगी। उन्होंने कहा कि आज गृह एवं सहकारिता मंत्री के कर कमलों से वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन (ओडीओसी) योजना लागू की गई है। इससे 75 जनपदों की 75 प्रकार की भोजन सामग्री अब प्रदेश की नई ताकत बनेगी। उन्होंने कहा कि हाईजीन युक्त भोजन, खाद्य सामग्री, श्रीअन्न से बनी सामग्री लोगों को प्राप्त हो सके, स्थानीय उत्पादों को जियो टैग कर सकें और फिर उसे वैश्विक पहचान दिला सकें, उसकी पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजाइनिंग करने के साथ देश व वैश्विक मांग के अनुरूप उस प्रोडक्ट का एक्सपोर्ट कर सकें, यह अवसर यूपी में अब हर व्यंजन के लिए प्राप्त होगा। सीएम ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जनपदों और हर राज्य में यह आयोजन हो रहा है। देश, प्रदेश व दुनिया में जहां कहीं भी उत्तरप्रदेशवासी हैं, वह इस आयोजन से जुड़ रहे हैं। 2018 में उत्तर प्रदेश ने जब पहली बार अपने स्थापना दिवस कार्यक्रम को आयोजित किया था, उस समय राज्यपाल राम नाईक थे और वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। इनकी प्रेरणा से हम लोगों ने परंपरागत उद्यमों को वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के रूप में आगे बढ़ाया था। उन्होंने आगे कहा कि आज यह योजना आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नई ताकत बनी है और आत्मनिर्भर भारत में अपना योगदान दे रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### चक्करपुर से वजीराबाद बंद तक नाले की होगी सफाई

गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 जनवरी। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण शहर में बरसाती पानी निकासी के लिए नालों की सफाई में जुट गया है। इसी के तहत चक्करपुर गांव से वजीराबाद बंद तक मास्टर ड्रेन की सफाई कराई जाएगी। इस पर करीब 65 लाख खर्च आने का अनुमान है। बारिश के दौरान शहर के कई भागों में जलभराव की समस्या रहती है। जीएमडीए अपने मास्टर नालों और सरफेस ड्रेनेज की सफाई कराने को लेकर अभी से जुट गया है। इसी के तहत जीएमडीए ने चक्करपुर गांव से वजीराबाद बंद तक नाले की सफाई कराने जा रहा है। प्राधिकरण ने नाले की सफाई का स्टीमेट तैयार कर लिया है और जल्द टेंडर जारी किया जाएगा। करीब दो किलोमीटर लंबे नाले को जीएमडीए जल्द सफाई कराने की योजना रखता है। इससे गोल्फ कोर्स रोड के साथ सुशांत लोक समेत अन्य एरिया में जलभराव को रोकने में मदद मिलेगी। जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता विक्रम सिंह ने बताया कि नाले के निर्माण को लेकर जल्द टेंडर जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जरूरत के अनुसार नाले का निर्माण और सफाई कार्य पर जोर है।

### फॉर्च्यूनर गाड़ी की टक्कर के मामले में चालक गिरफ्तार

गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 जनवरी। गोल्फ कोर्स रोड पर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी अनियंत्रित होकर टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मूल रूप से राजस्थान के झुंझुनूं निवासी राहुल के रूप में हुई है। फिलहाल सुशांत लोक -तीन में रह रहा है। मंगलवार रात करीब एक बजे एक टोयोटा रुमियन गाड़ी कंपनी के सात कर्मचारियों (चालक, दो महिलाओं सहित) को लेकर सेक्टर-54 से डीएलएफ फेज-तीन की तरफ जा रही थी। उस दौरान गाड़ी जब सेक्टर-53 के पास पहुंची तो साइड वाले रास्ते से गलत दिशा में तेज रफ्तार में आ रही फॉर्च्यूनर गाड़ी ने उनकी गाड़ी में सीधे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रुमियन में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। वारदात के बाद आरोपी चालक अपनी फॉर्च्यूनर को मौके पर ही लॉक करके फरार हो गया था। यह पूरा घटनाक्रम कैब में कैमरे में कैद हो गई थी। सेक्टर-53 पुलिस टीम ने शुक्रवार को आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि दुर्घटना में इस्तेमाल हुई फॉर्च्यूनर उसके पिता के नाम पर है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह गलत दिशा में लापरवाही से गाड़ी चला रहा था।

### वाटिका कंपनी ब्याज समेत वापस करेगी 40.06 लाख रुपये

गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 जनवरी। वाटिका कंपनी की तरफ से कमर्शियल स्पेस का तीन साल तक एश्योर्ड रिटर्न न देने पर स्पेस खरीदार को 40.06 लाख रुपये ब्याज समेत वापस करने होंगे। कंपनी की तरफ से आठ महीने तक एश्योर्ड रिटर्न दिया भी गया था लेकिन बाद में बंद कर दिया गया। यह आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष संजीव जिंदल ने दिया है। कोलकाता निवासी निर्भीय सिंह और रेखा ने आयोग में दायर की याचिका में बताया कि उन्होंने वाटिका कंपनी की फरीदाबाद वाटिका माइंडसेप्स में 500 वर्ग फिट की जगह ली थी। इसके लिए उन्होंने कंपनी को 40.06 लाख रुपये दिए थे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें

### घर का ताला तोड़कर गहने और नकदी चोरी

**खोड़ा, यूटर्न/ 24 जनवरी।** चोरों ने खोड़ा कॉलोनी स्थित परचून कारोबारी के घर के गेट पर लगे ताले को तोड़ कर लाखों की नकदी और गहने चोरी कर लिए। परिवार के लोग घर पहुंचे तो घटना का पता चला। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर चोरों की पहचान के प्रयास कर रही है। कुलदीप अग्रवाल निवासी खोड़ा परचून कारोबारी हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उनकी पत्नी नोएडा स्थित परचून की दुकान पर गए थे। घर में मौजूद बेटा घर के गेट पर ताला लगाकर स्कूल गया था। दोपहर के समय उनका बेटा स्कूल से लौटा तो उसने घर का ताला टूटा हुआ देखा। अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। बेटे ने पड़ोसी के फोन से पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

### बाइक सवार बदमाशों ने व्यक्ति से मोबाइल फोन छीना

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।** बाइक सवार दो बदमाशों ने साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अग्रसेन पार्क के सामने व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर बाइक सवार दोनों बदमाश मौके से भाग गए। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई। पुरुषोत्तम त्यागी निवासी राधेश्याम कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह समर्पण संघ कार्यालय में रहते हैं। वह कोचिंग से वापस आ रहे थे। जैसे ही वह अग्रसेन पार्क के सामने पहुंचे। तभी बाइक सवार बदमाश आए और उनके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। इसका उन्होंने विरोध किया और शोर मचाया। तभी बदमाश मौके से भाग गए।

### पशु कटान करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान पशु कटान करने वाले दो आरोपियों को न्यू हिंडन विहार स्थित घर से गिरफ्तार किया गया है। दोनों घर के अंदर पशु कटान कर रहे थे। इसकी शिकायत पुलिस को मिली थी। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि न्यू हिंडन विहार स्थित घर में गोकशी हो रही है। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छापा मारा। मौके पर भैंस का कटान किया जा रहा था। घर का मालिक शब्बन मिला, पूछताछ में उसने मांस को किसी दावत में सप्लाई करने की बात स्वीकार की। शब्बन और उसके बेटे सलमान को अवैध रूप से पशु कटान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# तीन दिवसीय यूपी दिवस का होगा भव्य आयोजन, शिल्पहाट में स्टाल लगेंगे

» **नोएडा, यूटर्न/ 24 जनवरी।**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, औद्योगिक प्रगति और विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवसझ2026 का आयोजन इस वर्ष भी भव्य रूप से किया जा रहा है।

विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन 24 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक नोएडा शिल्प हाट, सेक्टरझ33ए, नोएडा में संपन्न होगा। इस महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

उत्तर प्रदेश दिवसझ2026 का औपचारिक शुभारंभ आज शुक्रवार, 24 जनवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा विधिवत रूप से किया जाएगा।

उद्घाटन समारोह में शासन और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, उद्योग जगत से जुड़े लोग, कलाकार, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के दौरान प्रदेश की लोक कला, लोक संगीत, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को मंच प्रदान किया जाएगा।

शाम के समय होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो दर्शकों को आकर्षित करेंगी। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टॉल्स के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, निवेश संभावनाओं, स्टार्टअप, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में हो रहे नवाचारों की जानकारी भी आमजन को दी जाएगी। विशेष रूप से युवाओं और उद्यमियों के लिए यह आयोजन उपयोगी साबित होगा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बुजुर्ग को बातों में फंसाकर युवती ने ठग लिए 6.30 करोड़ रुपये



» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

एक बुजुर्ग कारोबारी को बातों में फंसाकर महिला ने 6.30 करोड़ रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-53 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में यह पता चला कि बुजुर्ग और महिला की कभी मुलाकात ही नहीं हुई थी। सिर्फ ऑनलाइन ही आपस में बात किया करते थे। सेक्टर-54 निवासी बुजुर्ग कारोबारी ने पुलिस को बताया कि उनकी ऑनलाइन मुलाकात एक पूर्वोत्तर की महिला से साल 2020 में हुई थी। फेसबुक पर किम उर्फ प्रियंका संगमा नाम की एक महिला ने खुद को दुबई की एमिरेट्स एयरलाइंस की एयरहोस्टेस बताकर दोस्ती की। उसने विश्वास जीतने के लिए विमानों के अंदर की अपनी तस्वीरें भी साझा कीं। पीड़ित का आरोप है कि युवती ने उनकी साधारण तस्वीरों को अश्लील तस्वीरों और चैट्स के साथ जोड़ दिया और फिर उन्हें ब्लैकमेल करके रुपये लेने लगी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उनसे ठगी में सिर्फ युवती ही नहीं बल्कि उसके भाई, मां और पति भी शामिल थे। इन्होंने पीड़ित को डराने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए। एक आरोपी ने खुद को शिलॉन्ग का एसडीएम बताकर बात की और रुपये लौटाने का आश्वासन भी दिया लेकिन रुपये नहीं दिए गए।

## 11 संपत्तियों की हुई नीलामी, जीडीए को हुई 234 करोड़ की आय

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।**




शास्त्रीनगर योजना के आवासीय भूखंडों पर रिकॉर्ड तोड़ बोली लगाई गई। इस योजना के आवासीय भूखंडों पर निवेशकों ने बढ़ चढ़कर उत्साह दिखाया। बागवाली कॉलोनी में स्थित दो आवासीय भूखंड, जिनका आरक्षित मूल्य 60 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित था। ये भूखंड तीन से चार गुना रेट के मूल्य पर बिके। दो लाख 20 हजार और दो लाख 60 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की उच्च दरों पर ये भूखंड बिके। अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को प्राधिकरण सभागार कक्ष में आयोजित नीलामी शिविर में जीडीए की विभिन्न योजनाओं में रिक्त 11 संपत्तियां बिकीं। इससे जीडीए को 234 करोड़ रुपये की आय होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कौशांबी योजना के आवासीय भूखंड जिनका आरक्षित मूल्य 93,000 प्रति वर्गमीटर था वो एक लाख 61 हजार और 1,95,000 प्रति वर्गमीटर की दर से बिके। वैशाली योजना में 4000 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले स्कूल के भूखंड का आरक्षित मूल्य 92,000 प्रति वर्गमीटर से बढ़कर 95,500 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से लगभग 38 करोड़ 20 लाख में नीलाम हुआ। इसके साथ ही नीलामी का प्रमुख आकर्षण कोयल एन्क्लेव योजना के दो ग्रुप हाउसिंग भूखंड रहे। अरक्षित मूल्य 60,000 प्रति वर्गमीटर था। ये भूखंड क्रमशः 60,400 और 60,450 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से बिके। प्राधिकरण को लगभग 158 करोड़ की आय प्राप्त हुई। वहीं, इंद्रप्रस्थ योजना के पॉकेट डी में स्थित 4,353 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले ग्रुप हाउसिंग भूखंड 43,500 की जगह 56,500 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से बिके।

## दिल्ली में पुलिस मुठभेड़ के बाद खतरनाक स्नैचर गिरफ्तार, पिस्तौल और लूट के मोबाइल बरामद

- पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान 22 वर्षीय सतीश भाटी के रूप में हुई है, जो एक आदतन अपराधी बताया जा रहा है।



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

दिल्ली के साउथ ईस्ट जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) और थाना पुल प्रहलादपुर की संयुक्त टीम ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई की। टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद एक वांटेड और खतरनाक स्नैचर को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान किसी पुलिसकर्मी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6 लूटे/छीने गए मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और एक अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान 22 वर्षीय सतीश भाटी के रूप में हुई है, जो एक आदतन अपराधी बताया जा रहा है। यह कार्रवाई एमबी रोड के पास की गई, जहां पुलिस टीम को आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिली थी। पुलिस द्वारा घेराबंदी किए जाने पर आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई और सतर्कता के चलते पुलिस ने आरोपी को काबू में कर लिया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि सतीश भाटी और उसके एक साथी ने 22 जनवरी को एक ही दिन में स्नैचिंग की चार वारदातों को अंजाम दिया था। ये घटनाएं कालकाजी, अमर कॉलोनी, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया और पुल प्रहलादपुर थाना क्षेत्र में हुई थीं। आरोपी राह चलते लोगों को निशाना बनाकर मोबाइल फोन छीनने और लूट की वारदातों में शामिल था।

पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद पिस्तौल, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोनों को जब्त कर लिया है। बरामद मोबाइल फोनों के संबंध में संबंधित थानों में दर्ज मामलों से मिलान किया जा रहा है। वहीं, आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है और उसके फरार साथी की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

# दुष्कर्म करने से मना करने पर दोस्तों ने की थी युवक की हत्या

» **लोनी, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

दुष्कर्म करने से इन्कार करने पर दोस्तों ने पूजा कॉलोनी के मेहताब(30) की मफलर से गला दबाकर हत्या की थी। हत्या के बाद व्यक्ति का शव दिल्ली के तिमारपुर में फेंक दिया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों ने मामले में ट्रॉनिका सिटी थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मेहताब की पत्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके पति को दो दोस्तों नीरज(25) निवासी मेन गुजराती चौक भड़ाना वाली गली सुधीर एन्क्लेव रामपार्क और हर्षित पटेल(28) निवासी गली सोम बाजार पूजा कॉलोनी बुला कर ले गए और उन्होंने ही उनके पति की हत्या की है।



पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन की थी। टीम ने दोनों को आवास विकास परिषद कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक बैटरी ऑटो और मफलर बरामद हुआ है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि दोनों मृतक के दोस्त थे। 18 जनवरी को नीरज ने मेहताब को कॉल करके घर के बाहर बुलाया। उसके बाद तीनों लोग ऑटो में बैठकर ट्रॉनिका सिटी की ओर चल दिए। हर्षित ऑटो चला रहा था और नीरज व मेहताब पिछली सीट पर बैठे थे। तभी नीरज ने उसके साथ दुष्कर्म करना चाहा। मेहताब के मना करने पर दोनों में झगड़ा हो गया। तभी ट्रॉनिका सिटी से सिग्नेचर सिटी की तरफ जाने वाले रास्ते पर नीरज ने मेहताब को चलते ऑटो से धक्का देकर गिरा दिया।

- पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन की थी। टीम ने दोनों को आवास विकास परिषद कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक बैटरी ऑटो और मफलर बरामद हुआ है।
- जब हर्षित ने ऑटो रोका और उतरकर देखा तो मृतक बेसुध पड़ा था। उसके माथे व सिर पर चोट लगी थी। नीरज व हर्षित ने पकड़े जाने के डर से मेहताब के गले में पड़े मफलर को ही खींचते हुए गला दबा दिया। इस घटना में उसकी जान चली गई।

जब हर्षित ने ऑटो रोका और उतरकर देखा तो मृतक बेसुध पड़ा था। उसके माथे व सिर पर चोट लगी थी। नीरज व हर्षित ने पकड़े जाने के डर से मेहताब के गले में पड़े मफलर को ही खींचते हुए गला दबा दिया। इस घटना में उसकी जान चली गई। इसके बाद मृतक की लाश को यमुना नदी में फेंकने के लिए दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज पर पहुंचे। ट्रैफिक होने के कारण यमुना नदी में मृतक की लाश को नहीं फेंक सके। सिग्नेचर ब्रिज से नीचे उतरकर मौका पाकर शव को सड़क पर फेंक कर भाग गए थे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# घरेलू टेक्सटाइल बाजार 13 लाख करोड़ तक पहुंचा, निर्यात में 25 फीसदी से ज्यादा उछाल: गिरिराज सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

पिछले दस वर्षों में भारत के कपड़ा उद्योग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिली है। सरकार के अनुसार, 2014 में यह सेक्टर 8.4 लाख करोड़ रुपए का था, जो अब बढ़कर करीब 16 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसके साथ ही यह क्षेत्र देश में रोजगार सृजन का सबसे बड़े प्लेटफॉर्मों में से एक बन गया है।

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि देश का घरेलू टेक्सटाइल बाजार भी तेजी से बढ़ा है। यह बाजार 6 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2025 में 13 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वहीं, कोरोना महामारी के बाद भारत के टेक्सटाइल निर्यात में 25 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।

यह बातें मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल गारमेंट फेयर (आईआईजीएफ) के 74वें संस्करण को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि अब यह मेला केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दुनियाभर के गारमेंट खरीदारों के लिए एक बड़ा और भरोसेमंद प्लेटफॉर्म बन चुका है।

मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले इस सरकार ने टेक्सटाइल सेक्टर में आने वाली कई रुकावटों को दूर किया है, जिसमें गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ), रोडटेप और रोसिटल योजनाओं की राशि बढ़ाना, आयात शुल्क में अस्थायी कटौती और उलटी ड्यूटी संरचना को ठीक करने जैसे कदम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने रोडटेप



और रोसिटल योजनाओं के जरिए करीब 50 हजार करोड़ रुपए का समर्थन कपड़ा उद्योग को दिया है। गिरिराज सिंह ने यह भी कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उद्योग मजबूती और स्थिरता के साथ आगे बढ़ा है। उन्होंने बताया कि 40 नए देशों में निर्यात बढ़ाने की रणनीति के अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं। मंत्री के अनुसार, अर्जेंटीना में निर्यात 77 प्रतिशत, मिस्र में 30 प्रतिशत, पोलैंड और जापान में 20 प्रतिशत, जबकि स्वीडन और फ्रांस में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो एक सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौता आने वाले कुछ दिनों में साइन होने की उम्मीद है, जिससे टेक्सटाइल सेक्टर को और मजबूती मिलेगी। मंत्री ने कहा कि भारत के पास युवा कार्यबल, पर्याप्त कच्चा माल और विदेशी मुद्रा भंडार है, इसलिए देश को अपने सभी लक्ष्य पूरे करने चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब विदेशी मानकों पर निर्भर रहने के बजाय विजननेक्स्ट और इंडियासाइज जैसी स्वदेशी पहल के जरिए अपने खुद के मानक तैयार कर रहा है।

## फटाफट खबरें

### वीजा भारत में फ्लेक्स कार्ड लाने की कर रही तैयारी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।** वीजा जल्द ही भारत में अपने नए फ्लेक्सिबल क्रेडेंशियल कार्ड को पेश करने की तैयारी कर रही है। यह कार्ड क्रेडिट और डेबिट दोनों के लिए एक ही 16 अंकों वाले क्रेडेंशियल का उपयोग करेगा। इससे कार्डधारकों को अलग-अलग कार्ड रखने की जरूरत नहीं होगी और भुगतान आसान होगा। वीजा फ्लेक्स का उपयोग लेनदेन की राशि, मर्चेंट के प्रकार और बैंक की जोखिम क्षमता के आधार पर किया जा सकेगा। छोटे खर्चों के लिए कार्ड को डेबिट के रूप में और बड़े खर्चों के लिए क्रेडिट के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। ग्राहक बैंक ऐप पर स्मार्ट नियम तय कर सकते हैं, जैसे रोजाना घरेलू खर्च डेबिट से, महंगे सामान क्रेडिट से और विदेश में फॉरेक्स कार्ड से। इससे मर्चेंट चेकआउट पर कार्ड बदलने की जरूरत नहीं होगी। जापान में वीजा ने इस कार्ड को ऑलिव नाम से लॉन्च किया था। वहां कार्डधारक डेबिट, क्रेडिट और रिवॉर्ड पॉइंट्स के बीच आसानी से स्विच कर सकते थे। वीजा का कहना है कि भारत में इस सुविधा से भुगतान सरल और सुविधाजनक होगा।

### सरकार करेगी हाइड्रो पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट में 5.8 लाख करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।** केंद्र सरकार ने अगले दशक तक देश में 100 गीगावॉट (जीवी) हाइड्रो पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी) स्थापित करने के लिए 5.8 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। यह कदम स्वच्छ ऊर्जा क्षमता के तेजी से विस्तार और ग्रिड सहायता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुसार प्रत्येक मेगावाट के लिए औसतन 6 करोड़ रुपये निवेश की गणना की गई है। कुल निवेश को चार वर्षों में वितरित किया जाएगा: पहले वर्ष 20 फीसदी, दूसरे और तीसरे वर्ष 30-30 फीसदी और चौथे वर्ष 20 फीसदी। पीएसपी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर सिविल कार्य, विद्युत-यांत्रिक उपकरण और सहायक बुनियादी ढांचा शामिल होता है, जिससे उच्च पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है। ये परियोजनाएँ दीर्घकालिक ऊर्जा भंडारण और ग्रिड स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## गैलेक्सी एस 26 अल्ट्रा फरवरी 2026 में हो सकता है लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।** सैमसंग प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा को फरवरी 2026 में गैलेक्सी अनपेक्ड इवेंट के दौरान आधिकारिक तौर पर पेश कर सकता है। मशहूर टिप्स्टर आइस यूनिवर्स के अनुसार गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा कम से कम चार रंगों में लॉन्च हो सकता है। लीक तस्वीरों में फोन की सिम ट्रे दिखाई गई है, जिससे ब्लैक, व्हाइट, ब्लू और पर्पल कलर वेरिएंट के संकेत मिलते हैं। वहीं, एक अन्य टिप्स्टर का दावा है कि इस बार पर्पल या वायलेट कलर को सैमसंग 'हीरो कलर' के तौर पर प्रमोट कर सकता है, जैसा वह हर साल अपने किसी एक खास रंग के साथ करता है। हालांकि, यही सभी कलर ऑप्शन अंतिम नहीं माने जा रहे हैं। सैमसंग अक्सर अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स के कुछ खास रंगों को ऑनलाइन स्टोर या चुनिंदा मार्केट्स के लिए एक्सक्लूसिव रखता है। ऐसे में लॉन्च के समय या बाद में कुछ नए और एक्सक्लूसिव कलर वेरिएंट भी सामने आ सकते हैं। इससे पहले ऑरेंज कलर को लेकर भी अटकलें थीं, लेकिन मौजूदा लीक में इसका कोई ठोस संकेत नहीं मिला है।

# भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता अंतिम चरण में, 27 को घोषणा की उम्मीद

पर्यावरण, शुल्क कटौती और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण पर रही गहन बातचीत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत निर्णायक चरण में पहुंच गई है। दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाले भारतइ ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान इस समझौते के निष्कर्ष की घोषणा करने का लक्ष्य रखा है। यह वार्ता 20 वर्षों से अधिक समय से



चली आ रही है और इसे दोनों के बीच एक अत्यंत रणनीतिक कदम माना जा रहा है। यूरोपीय संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वार्ता में पर्यावरण संरक्षण जैसे जटिल और संवेदनशील मुद्दों पर भी चर्चा हुई है। प्रस्तावित समझौते का प्रमुख उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए 'शुल्क में पर्याप्त कमी' करना है। हालांकि, समझौते के औपचारिक रूप से लागू होने से पहले भारत और यूरोपीय संघ दोनों को अपनी-अपनी आंतरिक अनुमोदन प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। इस एफटीए को वैश्विक व्यापार में विविधीकरण लाने और सीमित आपूर्ति स्रोतों पर निर्भरता कम करने के एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। समझौते के तहत निवेश बढ़ाने और औद्योगिक सहयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# छंटनी के दूसरे चरण में 30 हजार कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर देगी अमेजन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**




दुनिया की दिग्गज ई-कॉमर्स और टेक्नोलॉजी कंपनी अमेजन अपने कॉर्पोरेट कार्यबल में एक और बड़ी कटौती करने की तैयारी में है। खबरों के अनुसार, कंपनी अगले सप्ताह नौकरियों में कटौती के दूसरे चरण की शुरूआत कर सकती है। यह कदम अमेजन के उस व्यापक पुनर्गठन अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत कुल 30,000 कॉर्पोरेट पदों को कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ज्ञात हो कि कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में ही करीब 14,000 कर्मचारियों को सेवामुक्त कर दिया था, और अब शेष पदों पर छंटनी की प्रक्रिया आगामी मंगलवार से शुरू होने की संभावना है। इस नई छंटनी का सबसे अधिक प्रभाव अमेजन वेब सर्विसेज, रिटेल डिवीजन, प्राइम वीडियो और मानव संसाधन जैसे महत्वपूर्ण विभागों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, छंटनी की सटीक संख्या और प्रभावित होने वाली विशिष्ट टीमों के बारे में कंपनी ने अभी तक कोई आधिकारिक पुख्ता जानकारी साझा नहीं की है। अमेजन के एक प्रवक्ता ने इस विषय पर फिलहाल किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है, लेकिन मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अगले सप्ताह का घटनाक्रम कंपनी के भविष्य के प्रशासनिक ढांचे को तय करेगा। अमेजन के 30 साल के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी छंटनी मानी जा रही है। यदि 30,000 नौकरियों की कटौती का लक्ष्य पूरा होता है, तो यह कंपनी के कुल कॉर्पोरेट कार्यबल का लगभग 10 प्रतिशत होगा। इससे पहले साल 2022 में भी कंपनी ने लगभग 27,000 कर्मचारियों को निकाला था। गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर में निकाले गए कर्मचारियों की 90 दिनों की पेरोल अवधि आगामी सोमवार को समाप्त हो रही है, और उसी के तुरंत बाद छंटनी का यह दूसरा दौर शुरू होने जा रहा है। वर्तमान में अमेजन के कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 15.8 लाख है, जिनमें से अधिकांश वेयरहाउस और लॉजिस्टिक्स सेंटर्स में कार्यरत हैं।

# ब्राजील से तेल आयात बढ़ाएगा भारत, बीपीसीएल-पेट्रोब्रास के बीच 78 करोड़ डॉलर का करार

इंडिया एनर्जी वीक 2026 में होगा समझौते पर हस्ताक्षर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ब्राजील की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोब्रास के साथ कच्चे तेल की खरीद के लिए एक अहम सावधि समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रही है। इस समझौते के तहत बीपीसीएल लगभग 78 करोड़ डॉलर में 1.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेगी। यह करार अगले सप्ताह इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2026के दौरान किया जाएगा, जिसका आयोजन 27 से 30 जनवरी तक गोवा में होगा।

पिछले वर्ष दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौते के तहत पेट्रोब्रास ने वित्त वर्ष 2025-26 में भारत को 60 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति की थी। अब नए समझौते के बाद वित्त वर्ष 2026-27 में ब्राजील से तेल आयात की मात्रा दोगुनी होकर 1.2 करोड़ बैरल हो जाएगी। इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिलने की उम्मीद है। पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद भारत ने रूसी कच्चे तेल के आयात में कमी की है।

# नई तिमाही जीडीपी सीरीज से बदलेगी आर्थिक तस्वीर, 2022-23 माना जाएगा नया बेस ईयर

ज्यादा सटीक जीडीपी के लिए नए डेटा सोर्स, आईएमएफ मानकों के अनुसार होगी गणना

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

भारत सरकार अगले महीने से नई तिमाही राष्ट्रीय लेखा (क्यूएनए) सीरीज लागू करने जा रही है, जिसमें सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना को अधिक सटीक और आधुनिक बनाया जाएगा। यह नई सीरीज 27 फरवरी 2026 को पहली बार जारी की जाएगी और इसमें 2022-23 को नया बेस ईयर माना जाएगा। इससे पहले जीडीपी की गणना 2011-12 के बेस ईयर




पर आधारित थी।

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी चर्चा पत्र के अनुसार, नई जीडीपी सीरीज में कई नए और हाई-फ्रिक्वेंसी डेटा सोर्स जोड़े गए हैं। इनमें सामान, सेवाओं और व्यवसाय के प्रकार के अनुसार जीडीपी डेटा, ई-वाहन से जुड़ा डेटा और प्राकृतिक गैस की खपत शामिल है। इनसे उन सेक्टरों के अनुमान बेहतर होंगे, जहां पहले तेजी से बदलते आंकड़े उपलब्ध नहीं थे। नई क्यूएनए सीरीज में आईएमएफ के 2017 क्वार्टरली नेशनल अकाउंट्स मैनुअल को अपनाया जाएगा।

पुरानी प्रो-राटा पद्धति की जगह अब प्रोपोर्शनल बेंचमार्किंग और प्रोपोर्शनल डेंटन मेथड का उपयोग होगा। इससे तिमाही और सालाना आंकड़ों के बीच तालमेल बेहतर बनेगा और कृत्रिम उतार-चढ़ाव कम होंगे। उत्पादन पक्ष में कृषि के लिए विस्तारित फसल डेटा, मैन्युफैक्चरिंग में डबल डिफ्लेशन और बैंकिंग सेक्टर में तिमाही लोन-डिपॉजिट रेट्स का उपयोग किया जाएगा।

## आज का सुविचार

कठिनाइयाँ वही आती हैं, जो आपको और मजबूत बनाने की क्षमता रखती हैं।

# अल फलाह यूनिवर्सिटी मामले में चार्जशीट की तैयारी, व्हाइट कॉलर टेरर की तह तक जाने की कोशिश

जांच एजेंसी के सूत्रों की मानें तो अल फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत ये सभी वो लोग हैं जो किसी न किसी तरीके से व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल से जुड़े लोगों के संपर्क में रहे हैं। इनमें ऐसे भी कई लोग शामिल हैं जिन्हें हिरासत में लेकर जांच एजेंसी ने पूछताछ की।




**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

अल फलाह यूनिवर्सिटी से सामने आए व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल और दिल्ली बम धमाके के मामले में एनआईए जल्द ही चार्जशीट पेश करने की तैयारी में है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो जांच एजेंसी यूनिवर्सिटी परिसर में कार्यरत कई लोगों, जिनमें डॉक्टर समेत अन्य स्टॉफ शामिल है, उन्हें गवाह बना सकती है। इसके साथ ही धौज और फतेहपुर तगा गांव समेत इलाके के आस-पास के रहने वाले लोगों को भी गवाह बनाया जाएगा। इसके साथ ही केस की जांच के दौरान एजेंसी की फरीदाबाद में मदद करने वाले अपराध शाखा के पुलिसकर्मियों को भी गवाह बनाने की कार्रवाई चल रही है।

जांच एजेंसी के सूत्रों की मानें तो अल फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत ये सभी वो लोग हैं जो किसी न किसी तरीके से व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल से जुड़े लोगों के संपर्क में रहे हैं। इनमें ऐसे भी कई लोग शामिल हैं जिन्हें हिरासत में लेकर जांच एजेंसी ने पूछताछ की। जांच के दौरान इन लोगों का कोई अपराध तो सामने नहीं आया है लेकिन आरोपियों व संदिग्ध आतंकियों के बारे में इन्हें काफी जानकारी है। इसी के चलते इन्हें गवाह बनाया जा रहा है। इसी तरह संदिग्ध आतंकियों के संपर्क में आए लोगों को भी गवाह बनाया जा रहा है। ये वे लोग हैं जिन्होंने अंजाने में आरोपियों की किसी न किसी तरीके से मदद की थी।

### ऐसे सामने आया था टेरर मॉड्यूल

जम्मू एंड कश्मीर में 19 अक्तूबर 2025 को कुछ जगहों पर जैश-ए-मोहम्मद की ओर से चस्पा किए गए पोस्टरों के बाद वहां की पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। उसी केस में डॉ. मुज्जमिल अहमद गनेई उर्फ मुसैब को फरीदाबाद आकर गिरफ्तार किया गया। 30 अक्तूबर को ही मुसैब को फरीदाबाद जेएमआईसी नवीन कुमार की अदालत में पेश कर 3 दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जम्मू एंड कश्मीर पुलिस ले गई।

वहां इससे हुई पूछताछ के बाद 8 नवंबर की रात को जम्मू एंड कश्मीर पुलिस वापस फरीदाबाद आई और यूनिवर्सिटी परिसर में पूछताछ व छापेमारी की। इसके बाद 9 नवंबर को अल-फलाह यूनिवर्सिटी से महज 500 मीटर दूर बने मकान के एक कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट व अन्य विस्फोटक सामान और हथियार जब्त किए।

जम्मू एंड कश्मीर में संदिग्ध आतंकी मुसैब से एक टीम पूछताछ कर फरीदाबाद में मौजूद दूसरी टीम को हिदायत देती रही। 10 नवंबर को धौज से 4 किलोमीटर दूर फतेहपुर तगा गांव के एक मकान के कमरे से 2550 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया है। ये दोनों ही मकान मुसैब ने किराये पर लिए थे।

# साइबर ठगों ने 3 लोगों से ठग लिए 1.09 लाख रुपये

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले 3 लोगों से 1.09 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने फेसबुक पर परिचित बनकर मैसेज भेज, पुलिसकर्मी बनकर एफआईआर का डर दिखाकर व क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करने के बहाने से ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। पहले मामले में साइबर क्राइम थाना



बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत बल्लभगढ़ इलाके के रहने वाले पंकज ने दी है। इनका कहना है कि विदेश में रहने वाले इनके चाचा नरेश शर्मा के नाम से फेसबुक आईडी से 25 अगस्त 2025 को इनके पास मैसेज आया। मैसेज में कहा गया कि मैं कुछ रुपये भेज रहा हूं और एक मोबाइल नंबर भी दिया। साथ ही कहा कि इस नंबर पर बात कर लो, मेरा पासपोर्ट का कुछ विवाद है, इसे निपटा दो। आरोप है कि कॉल करने पर व्यक्ति ने अपना नाम प्रवीन बताया और चाचा के पासपोर्ट रिन्यू के नाम पर रुपये मांगे। रुपये न देने पर चाचा को जेल भेजने की बात कही। इस तरह शिकायतकर्ता से युवक से 40 हजार रुपये ठग लिए गए।

दूसरे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले अमित ने दी है। इनका कहना है कि 20 जनवरी को ठग ने कॉल कर पुलिसकर्मी बन बात की। आरोपी ने कहा कि तुमने ठगी की ट्रांजेक्शन की है और तुम्हारे नाम पर एफआईआर दर्ज है। आरोपी ने केस से बचने के लिए रुपयों की मांग करते हुए 45 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में 30 हजार रुपये और मांगने लगा तो युवक को शक हुआ और मामला पुलिस तक पहुंचा। तीसरे मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत स्प्रिंग फील्ड कालोनी के रहने वाले व्यक्ति ने दी है।

# 7 साल के बच्चे ने खोला साढ़े 4 साल की बहन की हत्या का राज

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।**




झाड़सेंतली गांव में साढ़े 4 साल की बच्ची की हत्या का गवाह उसका 7 साल का भाई कार्तिक बना। आरोपी पिता कृष्णा जैसवाल ने तो अस्पताल में व पत्नी के सामने झूठी कहानी बनाई कि बच्ची सीढ़ियों से गिर गई थी और उसकी मौत हो गई। लेकिन 7 साल के कार्तिक ने मां रंजीता को बताया कि पिता ने बहन को पहले बेलन से बुरी तरह पीटा। फिर उसे उठाकर फर्श पर पटक दिया था। इसके बाद बहन कुछ बोल नहीं रही थी तो पिता उसे अस्पताल ले गए थे।

बेटे के ये बताने पर महिला रंजीता के पैरों तले जमीन खिसक गई। वो ये सुनकर ही हैरान हो गई कि कैसे पति ने क्रूरता से बच्ची को मारा। महिला ने होश संभाला और मामले में शिकायत पुलिस को दी। मामले में आरोपी से शुरूआती पूछताछ में पुलिस को पता चला कि वो 21 जनवरी बुधवार को बच्ची को पीटने और उसके बेहोश होने के बाद अस्पताल ले गया था।

# महिला से आभूषण व 3 लाख ठगी में तीन तांत्रिक दोषी करार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।** महिला से जेवर व 3 लाख रुपये ठगी मामले में 3 तांत्रिकों शेर मोहम्मद, आजाद व मोइनुद्दीन को जिला अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ज्योति लांबा की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर शुक्रवार को तीनों को आईपीसी की धारा 420, 380, 328, 406, 506, 120बी के तहत दोषी करार दिया। 27 जनवरी की अगली डेट पर अदालत इन दोषियों की सजा पर फैसला सुना सकती है। एसजीएम नगर थाना में ये एफआईआर 9 मार्च 2021 को नशीला पदार्थ पिलाकर चोरी, साजिश के तहत ठगी, मारने की धमकी देने आदि धाराओं में दर्ज हुई थी। एनआईटी इलाके की महिला डिम्पी गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 दिसंबर 2020 को आरोपी तांत्रिक मोइनुद्दीन, शेर मोहम्मद और आजाद एक सांप लेकर उसके घर आए और कहा कि तुम्हारे पास पुत्र नहीं है, इसे लेकर दुखी हो। महिला ने समाधान पूछा तो आरोपियों ने कहा कि तुम्हें बुरी आत्माओं ने घेरा हुआ है। आत्माओं से छुटकारा दिलाना के लिए घर पर पूजा करने की बात कही और 25 हजार रुपये महिला से यूपीआई से ट्रांसफर करा लिए।

# कहासुनी होने पर युवक का अपहरण कर हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

कहासुनी होने पर रंजिश में युवक का अपहरण कर लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने के मामले में शामिल पांच आरोपियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को पचगांव चौक से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान खंडेवला गांव निवासी सागर उर्फ चेली, सागर उर्फ चीनू, जोगेंद्र उर्फ चिक्कू, जटौली गांव निवासी संग्राम और झज्जर के लुहारी गांव निवासी प्रिंस के रूप हुई है।

खंडेवला गांव निवासी विनीत के चाचा की शिकायत पर फर्रुखनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। चाचा ने रविवार को फर्रुखनगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार को विनीत खेत में काम करने घर की तरफ आ रहा था। जब वह गांव के पंचायती भवन के पास पहुंचा तभी इरटिगा गाड़ी में सवार होकर आए कपिल, सागर, सागर उर्फ चीनू, जोगेंद्र और कपिल ने भतीजे को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। उन्होंने बताया कि विनीत को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया। सोमवार को उपचार के दौरान विनीत की मौत हो गई।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि मृतक विनीत और आरोपी सागर उर्फ चेली के बीच में 16 जनवरी को कहासुनी और धक्का मुक्की हुई थी। इसके बाद से ही आरोपियों ने विनीत की रेकी करनी शुरू कर दी थी। शनिवार को विनीत को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में डालकर खेतों में ले गए और वहां पर उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपी सागर उर्फ चेली के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास व जान से मारने के तीन मामले, आरोपी सागर उर्फ चीनू के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास व जान से मारने की धमकी देने के चार मामले और आरोपी जोगेंद्र के खिलाफ भी हत्या समेत अन्य धाराओं में चार मामले दर्ज हैं। फर्रुखनगर थाना प्रभारी संतोष ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया गया है।



खंडेवला गांव निवासी विनीत के चाचा की शिकायत पर फर्रुखनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। चाचा ने रविवार को फर्रुखनगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार को विनीत खेत में काम करने घर की तरफ आ रहा था। जब वह गांव के पंचायती भवन के पास पहुंचा तभी इरटिगा गाड़ी में सवार होकर आए कपिल, सागर, सागर उर्फ चीनू, जोगेंद्र और कपिल ने भतीजे को जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। उन्होंने बताया कि विनीत को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया। सोमवार को उपचार के दौरान विनीत की मौत हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्लैट बेचने के बहाने सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट और पत्नी से 63 लाख रुपये ठगे

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।** सूरजकुंड थाना इलाके में फ्लैट बेचने के बहाने भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट और उनकी पत्नी से 63 लाख रुपये ठग लिए गए। फ्लैट खरीदने के लिए दंपती ने अपना पुराना मकान भी बेच दिया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि सेवानिवृत लेफ्टिनेंट की पत्नी की शिकायत पर सूरजकुंड थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई है। मामले में पुलिस को शिकायत सेक्टर-21सी में अपनी बेटी के पास रह रही महिला संतोष रानी ने दी है। महिला के अनुसार भूपेश कपूर नामक व्यक्ति के साथ उन्होंने सेक्टर-21सी में एक फ्लैट का सौदा 1.29 करोड़ रुपये में किया था। इसमें से 13 लाख रुपये उन्होंने चेक के माध्यम से दे दिए। महिला के अनुसार ये फ्लैट खरीदने के लिए उन्होंने सेक्टर-8 में अपना मकान भी बेच दिया। मकान बेचकर मिले 87 लाख रुपये भी भूपेश के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। बाद में उन्हें पता चला कि फ्लैट पर भूपेश कपूर ने बैंक से लोन लिया हुआ है। आरोप है कि विरोध जताने पर भूपेश कपूर ने 23 लाख रुपये लौटा दिए। 30 सितंबर 2025 को बड़खल तहसील में फ्लैट की रजिस्ट्री कराने का तय हुआ लेकिन आरोपी नहीं आया।

### डबुआ कॉलोनी के स्वास्थ्य केंद्र में वाटर कूलर से करंट लगने का डर

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।** डबुआ कॉलोनी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा वाटर कूलर इन दिनों मरीजों और तीमारदारों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बना हुआ है। कूलर से लगातार पानी बह रहा है, जिससे फर्श गीला रहता है और किसी भी समय करंट लगने की आशंका बनी हुई है। हालात यह हैं कि मरीज और उनके परिजन डर के कारण कूलर से पानी लेने से बच रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए आने वाले मरीजों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र पर पीने के पानी की सुविधा जरूरी है, लेकिन खराब व्यवस्था के कारण उन्हें जोखिम उठाना पड़ रहा है। मरीज रामनिवास ने बताया कि कूलर के नीचे हमेशा पानी भरा रहता है। बिजली का उपकरण होने के कारण डर लगता है कि कहीं करंट न लग जाए.

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



बीजिंग में आईएसयू फोर कॉन्टिनेंट्स फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप में कनाडा के खिलाड़ी जेमी फोरनियर और एवरेस्ट झू आइस डांस फ्री डांस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए।

# चेतेश्वर पुजारा: टी20 के दौर में टेस्ट क्रिकेट के प्रति समर्पण ने दी अलग पहचान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

जमाने से विपरीत चलना हमेशा मुश्किल होता है। आप अकेले होते हैं और संघर्ष के साथ सफलता की राह भी आपको खुद ढूंढनी होती है। चेतेश्वर पुजारा की कहानी कुछ ऐसी ही है।

फटाफट क्रिकेट के दौर में अपनी धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी से पुजारा ने न सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में बड़ी सफलता हासिल की बल्कि एक दशक तक इस फॉर्मेट में भारत की सबसे मजबूत कड़ी रहे। पुजारा को उनकी मजबूत मनोदशा और क्रीज पर लंबा समय गुजारने की क्षमता की वजह से राहुल द्रविड़ के बाद दूसरा 'द वॉल' कहा गया।

25 जनवरी 1988 को गुजरात के राजकोट में जन्मे चेतेश्वर पुजारा को क्रिकेटर बनाने में सबसे बड़ा योगदान उनके पिता अरविंद पुजारा का है। अरविंद खुद भी एक प्रथम श्रेणी क्रिकेटर और कोच रहे। देश के लिए खेलने की उनकी इच्छा कभी पूरी नहीं हुई, लेकिन अपने बेटे के माध्यम से उनकी आंखों ने इस सपने को पूरा होते देखा।

बचपन से क्रिकेट को अपना लेने वाले पुजारा ने सौराष्ट्र की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेला। सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी में 2005 में उन्होंने डेब्यू किया था। 5 साल तक घरेलू



क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद पुजारा को 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तरफ से टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। यह वह दौर था जब राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण जैसे टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज अपने करियर के आखिरी चरण में थे। भारत को इन दोनों बल्लेबाजों के विकल्प की तलाश थी। पुजारा ने मजबूती से अपनी जगह बनाई और धीरे-धीरे वह टेस्ट टीम के नियमित और भरोसेमंद सदस्य बन गए। 2010 से 2023 के बीच पुजारा ने देश और विदेश में भारतीय टीम को टेस्ट फॉर्मेट में मिली सफलता में बड़ी भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2018-19 की ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज में पुजारा ने जो प्रदर्शन किया, वह हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने चार टेस्ट मैचों में 521 रन बनाए और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण को लंबे समय तक काबू में रखा। इस प्रदर्शन ने भारत की पहली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत में निर्णायक भूमिका निभाई।

नवंबर 2012 में अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ 206 रन की पारी, दिसंबर 2013 में जोहानसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 153 रन की पारी, 2017 में रांची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 525 गेंदों पर खेली गई 202 रन की पारी, दिसंबर 2018 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 123 और 71 रन की पारी, और 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में 77 और ब्रिसबेन में 56 रन की पारी पुजारा के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में मानी जाती है।

पुजारा ने अपने करियर में 103 टेस्ट मैचों की 176 पारियों में 19 शतक और 35 अर्धशतक की मदद से 7,195 रन बनाए। उनका औसत 43.60 रहा और सर्वाधिक स्कोर नाबाद 206 रन रहा। पुजारा ने काउंटी क्रिकेट में भी बड़ी सफलता हासिल की।

## टी20 विश्वकप में अभिषेक होंगे भारतीय टीम के ट्रंप कार्ड : शास्त्री

» **मुम्बई, यूटर्न/ 24 जनवरी।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री मानना है कि आगामी टी20 विश्वकप में आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर सभी की नजरें रहेंगी। शास्त्री के अनुसार अभिषेक इस टूनामेंट में भारतीय टीम के ट्रंप कार्ड साबित होंगे। इस पूर्व कोच के अनुसार अभिषेक निडर होकर खेलते हैं। उनमें गजब का आत्मविश्वास है और ऐसे में वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोध टीम के गेंदबाजी क्रम को धवस्त कर देते हैं। इसके अलावा उन्हें घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। इससे वह टूनामेंट के सबसे खतरनाक बल्लेबाज बनकर उभरेंगे। यहां एक कार्यक्रम में शास्त्री ने अभिषेक की जममर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह विश्वकप में सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी होंगे जो मैच बदलने में सक्षम रहेगा। उनके अनुसार अभिषेक इस समय जबरदस्त लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। जिस प्रकार का आत्मविश्वास उसके अंदर भरा हुआ है। उससे भी उससे एक आक्रामक बल्लेबाज बनने में सहायता मिली है।

वह मैदन में उतरते ही विरोधी टीम के गेंदबाजों पर दबाव बना देता है। शास्त्री का मानना है कि अभिषेक की सबसे बड़ी ताकत उकसा आत्मविश्वास है। वह घरेलू दर्शकों का समर्थन मिलने से और भी खतरनाक हो जाता है। साथ ही कहा , अगर अभिषेक रन बनाते हैं, तो इसका सीधा मतलब है कि भारत मैच में आगे बना रहेगा रहेगा। इससे अंदाजा होता है कि अब भारतीय टीम की सफलता काफी कुछ अभिषेक की बल्लेबाजी पर आधारित रहती है।

## मैं नाराज था कि ईशान पावरप्ले में मुझे स्ट्राइक नहीं दे रहे थे, लेकिन फिर परिस्थितियों को समझा: सूर्यकुमार

» **रायपुर, यूटर्न/ 24 जनवरी।**



भारत ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले को 7 विकेट से अपने नाम किया। इस जीत के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने खुलासा किया है कि जब पावरप्ले के दौरान ईशान उन्हें स्ट्राइक नहीं दे रहे थे, तो वह नाराज थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने परिस्थितियों को समझा।

मुकाबला जीतने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, 'मुझे नहीं पता ईशान ने दोपहर के लंच में क्या खाया था, लेकिन मैंने कभी किसी को 2 विकेट पर 6 रन से पावरप्ले के अंत तक 60 के आसपास पहुंचते हुए नहीं देखा। हम अपने बल्लेबाजों से यही चाहते हैं कि वे खुलकर खेलें। पावरप्ले में वह मुझे स्ट्राइक नहीं दे रहे थे, इस पर मैं थोड़ा नाराज था, लेकिन मैं बाद में हालात को समझ पाया।'

इस मुकाबले में सूर्या ने 37 गेंदों में 4 छक्कों और 9 चौकों के साथ 82 रन की नाबाद पारी खेली। इस दौरान ईशान किशन के साथ 122 रन, जबकि शिवम दुबे के साथ 81 रन की अटूट साझेदारी की।

सूर्या ने अपनी शानदार फॉर्म को लेकर कहा, 'मैं नेट्स में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था, अच्छा ब्रेक मिला और मैच से पहले बढ़िया प्रैक्टिस सेशन भी हुआ था। गेंदबाजी के साथ भी जबरदस्त प्रयास रहा। जब न्यूजीलैंड ने 2 विकेट खोकर 110 रन लिए थे, तो मुझे लगा स्कोर 230 के आसपास जाएगा, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने जिम्मेदारी ली और योगदान दिया।

# बॉलीबुड में ग्लेमर का तड़का






यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# कनाडा को एक साल में ही निगल जाएगा चीन
## बोर्ड ऑफ पीस से निकालने के बाद ट्रंप ने दी चेतावनी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 जनवरी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अक्सर अपने बयानों की वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। ताजा बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कनाडा को चेतावनी दी कि अगर वह चीन के करीब गया, तो वह उसे निगल जाएगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि अगर ओटावा वाशिंगटन के साथ सहयोग करने से मना करता है, तो चीन कनाडा को निगल जाएगा। ट्रूथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि कनाडा उनके प्लान किए गए गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम का विरोध करता है, जो इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है।

ट्रंप ने लिखा, 'कनाडा ग्रीनलैंड के ऊपर बनने वाले गोल्डन डोम के खिलाफ है, भले ही गोल्डन डोम कनाडा को प्रोटेक्ट करेगा। इसके बजाय, कनाडा ने चीन के साथ व्यापार करने के समर्थन में वोट दिया, जो एक साल में ही उन्हें खा जाएगा!'

राष्ट्रपति ने कहा कि वह चाहते हैं कि गोल्डन डोम ग्रीनलैंड को कवर करे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि आर्कटिक क्षेत्र पर नियंत्रण से




अमेरिका को रूस और चीन के प्रभाव का मुकाबला करने में मदद मिलेगी।

इस हफ्ते की शुरूआत में दावोस में ट्रंप ने कहा कि कनाडा को अपने बचाव के लिए अमेरिका का शुक्रगुजार होना चाहिए। कनाडा यूएस की वजह से जीता है।

हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस बात से साफ इनकार किया कि उनके देश की सफलता का श्रेय उनके दक्षिणी पड़ोसी देश यूएस को जाता है। पीएम कार्नी ने कहा कि अमेरिकी दबदबे पर बना वर्ल्ड ऑर्डर टूटने की कगार पर है।

पीएम कार्नी ने कहा, 'कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक शानदार साझेदारी बनाई है। अर्थव्यवस्था में, सुरक्षा में और समृद्ध सांस्कृतिक आदान-प्रदान में, लेकिन कनाडा अमेरिका की वजह से जिंदा नहीं है। कनाडा इसलिए आगे बढ़ रहा है क्योंकि हम कनाडाई हैं।'

इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने कार्नी की बातों का जवाब देते हुए उन्हें अपने बोर्ड ऑफ पीस से निकाल दिया।

विश्व में शांति स्थापित करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस की शुरूआत की है। इसमें शामिल होने के लिए ट्रंप ने दुनिया के लगभग 60 देशों को न्योता भेजा। इजरायली मीडिया के अनुसार, 60 में से दुनिया के 25 देशों ने ट्रंप के न्यौते को स्वीकार कर लिया है। बोर्ड ऑफ पीस में अब तक इजरायल, बहरीन, मोरक्को, अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बुल्गारिया, हंगरी, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कजाकिस्तान, कोसोवो, पाकिस्तान, पराग्वे, कतर, सऊदी अरब, तुर्किए, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, बेलारूस, मिस्त्र, वियतनाम और मंगोलिया शामिल हुए।

## मिनियापोलिस एयरपोर्ट पर ICE विरोध, 100 धर्मगुरु गिरफ्तार

» लॉस एंजिल्स, यूटर्न/ 24 जनवरी।

अमेरिका के मिनियापोलिस-सेंट पॉल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अमेरिकी इमिग्रेशन एनफोर्समेंट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान लगभग 100 धर्मगुरुओं को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी प्रदर्शन आयोजित करने वाले समूह फेथ इन मिनेसोटा ने दी। ग्रुप के अनुसार, एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 डिपार्चर एरिया में सड़क ब्लॉक करने के बाद इन धार्मिक नेताओं को स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आयोजकों ने बताया कि प्रदर्शनकारी एयरलाइनों से, खासकर डेल्टा एयरलाइंस और सिग्नेचर एविएशन से मांग कर रहे थे कि वे मिनेसोटा में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) के साथ सहयोग बंद करें। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, 7 जनवरी को प्रवासन कार्रवाई के दौरान आईसीई के एजेंट जोनाथन रॉस की गोली से 37 वर्षीय अमेरिकी नागरिक और मां रेनी गुड की मौत हो गई थी.

## फटाफट खबरें

### गोलीबारी में चार लोगों की मौत, भारतीय दूतावास ने दुख जताया

**अटलांटा, यूटर्न/ 24 जनवरी।** अटलांटा में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने जॉर्जिया में हुई गोलीबारी की घटना पर दुख व्यक्त किया है। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक भारतीय नागरिक भी था। महावाणिज्य दूतावास ने उनके परिवार को पूरी मदद का आश्वासन दिया है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'हम गोलीबारी की घटना से बहुत दुखी हैं, जो कथित तौर पर पारिवारिक विवाद से जुड़ी थी, जिसमें पीड़ितों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। आरोपी शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जा रही है।' अधिकारियों के अनुसार, पुलिस को सुबह लगभग 2:30 बजे ब्रूक आइवी कोर्ट के एक ब्लॉक में गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को घर के अंदर चार लोग घायल मिले थे, जिनकी बाद में मौत हो गई।

### संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने अमेरिकी आव्रजन प्रवर्तन में दुर्व्यवहार की आलोचना की

**जिनेवा, यूटर्न/ 24 जनवरी।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने एक बयान में अमेरिकी आव्रजन प्रवर्तन में बार-बार दुर्व्यवहार की कड़ी आलोचना की है। मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने प्रवासियों और शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार और अपमान को लेकर कहा कि मानवीय गरिमा और उचित प्रक्रिया अधिकारों का सम्मान होना चाहिए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा कि गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए कई लोगों को समय पर कानूनी सलाह और अपनी हिरासत व निष्कासन के फैसलों का विरोध करने के प्रभावी साधन नहीं मिल पाते हैं। तुर्क ने अमेरिका से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उसकी प्रवासन नीतियां और प्रवर्तन कार्रवाई मानवीय गरिमा और उचित प्रक्रिया अधिकारों का सम्मान करे। उन्होंने अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) की हिरासत में होने वाली मौतों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की भी मांग की। बयान के अनुसार, पिछले साल कम से कम 30 ऐसी मौतें हुई थीं, जबकि इस साल अब तक छह और मौतें हुई हैं।

### जापान में निचला सदन भंग करने की विपक्ष ने की आलोचना

**टोक्यो, यूटर्न/ 24 जनवरी।** जापान की कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची द्वारा निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) को भंग किए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि इस कदम का कोई 'औचित्य' नहीं है। जापान के निचले सदन को शुक्रवार को औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया। यह पिछले 60 वर्षों में पहली बार है, जब संसद के नियमित सत्र की शुरूआत के दिन ही निचले सदन को भंग कर दिया गया है। जापान की संसद का सामान्य सत्र शुक्रवार को ही शुरू हुआ था.

# अमेरिका में शीत तूफान का अलर्ट, हाई अलर्ट पर सरकार

» वाशिंगटन, यूटर्न/ 24 जनवरी।

अमेरिका के कई हिस्सों में शीत तूफान तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह तूफान मिडवेस्ट, ईस्ट कोस्ट और दक्षिणी राज्यों के बड़े इलाकों को अपनी चपेट में लेने वाला है। मौसम विभाग और प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भारी बर्फबारी, बारिश और जमाने वाली ठंडी हवाएं लोगों के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं।

इस तूफान के कारण हवाई उड़ानों में रुकावट आ रही है और कई जगहों पर सड़कों पर सफर बेहद खतरनाक या लगभग असंभव हो सकता है। बर्फ और बारिश से बिजली की लाइनें टूटने और लंबे समय तक बिजली गुल रहने का भी खतरा जताया गया है।

व्हाइट हाउस ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगातार हालात की जानकारी दी जा रही है। एक अधिकारी ने कहा, 'राष्ट्रपति पूरे दिन अपडेट ले रहे हैं और सभी विभागों के साथ लगातार संपर्क में हैं। ट्रंप प्रशासन मिलकर हालात पर नजर रखे हुए है और जरूरत के अनुसार कदम उठा रहा है।' होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह तूफान भारी बर्फ, खतरनाक बारिश और जानलेवा ठंडी हवाएं ला सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि मिडवेस्ट, ईस्ट कोस्ट और यहां तक कि दक्षिण के कुछ हिस्सों में भी



बिजली गुल होने, सड़कें बंद होने और रोजमर्रा की जिंदगी पर बड़ा असर पड़ने की संभावना है। सरकार ने हालात से निपटने के लिए फेडरल एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा है। नोएम ने बताया कि फेमा (एफईएमए) राज्यों के साथ मिलकर तूफान की निगरानी कर रही है और तैयारी में जुटी है।

डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस) ने बताया कि इंसिडेंट मैनेजमेंट टीमें पहले ही लुइसियाना, टेक्सास और वर्जीनिया भेजी जा चुकी हैं। इसके अलावा और टीमें भी तैयार हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर राज्यपालों के अनुरोध पर भेजा जाएगा। वहीं, 28 फेमा अर्बन सर्च एंड रेस्क्यू टीमें भी तुरंत तैनाती के लिए तैयार हैं। संभावित लंबे समय तक बिजली गुल रहने और सड़कों के बंद होने को देखते हुए फेमा ने दक्षिण और पूर्वी इलाकों में आपातकालीन सामान पहले से पहुंचा दिया है।

# अमेरिका में भारतीयों से जुड़े तीन इमिग्रेशन मामलों में अदालत ने सुनाए फैसले

» वाशिंगटन, यूटर्न/ 24 जनवरी।

अमेरिका की तीन संघीय अदालतों ने इस सप्ताह ऐसे फैसले दिए हैं जिनमें इमिग्रेशन अधिकारियों के कामकाज और गैर-नागरिकों की हिरासत पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इन मामलों में भारतीय नागरिकों को आंशिक राहत मिली है या उनके मुकदमों को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई है। मिशिगन में एक फेडरल जज ने इमिग्रेशन अधिकारियों को आदेश दिया कि वे एक भारतीय शरणार्थी आवेदक को जमानत सुनवाई (बॉन्ड हियरिंग) दें या फिर उसे तुरंत रिहा करें। वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ मिशिगन की यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कहा कि हरजोत सिंह को जुलाई 2025 से आईसीई (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) द्वारा हिरासत में रखा जाना गैरकानूनी है। हरजोत सिंह मई 2022 में अमेरिका पहुंचे थे और बाद में उन्होंने शरण के लिए आवेदन किया। हिरासत की जगह न होने के कारण उन्हें पहले पैरोल पर देश में



रहने की अनुमति दी गई थी। इसके बाद उन्हें वर्क ऑथराइजेशन और सोशल सिक्योरिटी नंबर भी मिला, लेकिन एक नियमित चेक-इन के दौरान आईसीई ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने कहा कि सिंह पर अनिवार्य हिरासत के नियम लागू नहीं होते और उनकी हिरासत संविधान के पांचवें संशोधन के तहत मिलने वाले अधिकारों का उल्लंघन है। जज ने आदेश दिया कि आईसीई पांच कार्यदिवसों के भीतर बॉन्ड हियरिंग करे या उन्हें तुरंत रिहा करे। वाशिंगटन डीसी में एक अन्य फेडरल जज ने दिव्या वेणिगल्ला (जो एक भारतीय नागरिक हैं) की याचिका के एक हिस्से को आगे बढ़ने की अनुमति दी।

# खैबर पख्तूनख्वा में शादी समारोह के दौरान आत्मघाती हमला, कम से कम छह लोगों की मौत

» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 24 जनवरी।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में एक शादी समारोह के दौरान आत्मघाती हमला हुआ। इस हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह घटना शुक्रवार देर रात डेरा इस्माइल खान जिले में हुई, जिसकी जानकारी स्थानीय मीडिया ने शनिवार को दी।

हमला अमन (शांति) समिति के प्रमुख नूर आलम महसूद के घर को निशाना बनाकर किया गया। उसी समय वहां शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इस घटना में नूर आलम



महसूद भी घायल हुए हैं। विस्फोट होते ही शादी स्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रमुख ब्रॉडकास्टर जियो न्यूज के अनुसार, धमाके में कई लोग घायल हो गए और उन्हें तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि धमाके की पूरी जानकारी जुटाई जा रही है, लेकिन शुरूआती जांच में यह आत्मघाती हमला ही माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, धमाके के बाद हमलावरों ने फायरिंग भी की।

घटना के बाद जांच टीमें और फॉरेंसिक विशेषज्ञ कई घंटों तक मौके पर मौजूद रहे और सबूत इकट्ठा किए गए, ताकि हमलावर और उसके पीछे के नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

पाकिस्तानी प्रमुख दैनिक द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने बताया कि धमाके वाली जगह से आत्मघाती हमलावर का कटा हुआ सिर बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि हमलावर की उम्र करीब 17 साल थी। इस सिर को जांच और पहचान के लिए कब्जे में ले लिया गया है।

केपी के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इस आत्मघाती हमले की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने प्रांतीय पुलिस प्रमुख से तुरंत रिपोर्ट मांगी और अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए। मुख्यमंत्री ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि हमले के जिम्मेदार लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान, जो अफगानिस्तान से सटे हुए हैं, हाल के दिनों में ऐसे हमलों से सबसे ज्यादा प्रभावित रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *